बी. ए. ऑनर्स (संस्कृत) पार्ट-1 परीक्षा 2019-2020

प्रश्नपत्र कूट संख्या - 1653

तृतीय प्रश्न पत्र - संस्कृत गद्य

पाठ्यक्रम **100 अंक**

1. पंचतन्त्रम् (मित्रभेद) - विष्णुशर्मा
2. शिवराजविजयम् (प्रथम विराम के दो निःश्वास) - अम्बिकादत्त व्यास
3. प्रायोगिक व्याकरण

यह पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभक्त है। इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ -

प्रथम इकाई	-	पंचतन्त्रम् (मित्रभेद) का पूर्वार्द्ध भाग।
द्वितीय इकाई	-	पंचतन्त्रम् (मित्रभेद) का उत्तरार्द्ध भाग।
तृतीय इकाई	-	शिवराजविजयम् के प्रथम विराम का प्रथम निःश्वास।
चतुर्थ इकाई	-	शिबराजविजयम् के प्रथम विराम का द्वितीय निःश्वास।
पंचम इकाई	-	प्रायोगिक व्याकरण (पाठ्यपुस्तकों पर आधारित)।

प्रश्न-पत्र का विस्तृत अंक विभाजन

प्रथम खण्ड 20 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल दस प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनके उत्तर अत्यंत संक्षेप में अपेक्षित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और ये समग्र पाठ्यपुस्तकों पर आधारित होंगे।

द्वितीय खण्ड 50 अंक

इस खंड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न पूछे जाएँगे जिनका शतप्रतिशत विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका विस्तृ त विवरण निम्न है -

क. पंचतन्त्रम् (मित्रभेद) के पूर्वार्द्ध भाग से कोई दो श्लोक अथवा गद्यांश देकर एक श्लोक अथवा गद्यांश का सप्रसंग सटिप्पण अनुवाद पूछा जाएगा। 10 अंक

ख. पंचतन्त्रम् (मित्रभेद) के उत्तरार्द्ध भाग से कोई दो श्लोक अथवा गद्यांश देकर किसी एक की सप्रसंग व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

ग. शिवराजविजयम् के प्रथम विराम के प्रथम निःश्वास से कोई दो गद्यांश देकर किसी एक की संस्कृत में सप्रसंग व्याख्या पूछी जाएगी। 10 अंक

घ. शिवराजविजयम् के प्रथम विराम के द्वितीय निःश्वास से कोई दो गद्यांश देकर एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या पूछी जाएगी।

ङ. पाठ्यपुस्तकों में से व्याकरण सम्बन्धी ज्ञान की परीक्षा इसके अन्तर्गत है। विस्तृत विवरण निम्न है - 10 अंक

1. कोई छः संधियुक्त पद देकर उनमें से किन्हीं तीन का सन्धि-विच्छेद पूछा जाएगा।
2. कोई छः समस्त पद देकर उनमें से किन्हीं तीन का विग्रह तथा समास का नाम पूछा जाएगा।
3. कोई आठ पद देकर उनमें से किन्हीं चार का प्रकृति-प्रत्यय विवेक पूछा जाएगा।

तृतीय खण्ड - 30 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न पूछे जाएँगे। इनमें से प्रत्येक का विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका उत्तर लगभग 300 शब्दों में देना अपेक्षित है। इनका विस्तृत विवरण निम्न है - 15 अंक

प्रथम प्रश्न

इस प्रश्न का आधार निम्नलिखित विषय होंगे -

पंचतन्त्रम् की कथावस्तु, पंचतंत्रम् की कथावस्तु का शिल्प, पंचतंत्रम् का आख्यान साहित्य में स्थान, कथाओं से मिलने वाली शिक्षा, विष्णुशर्मा का संस्कृत कथा साहित्य को योगदान आदि।

द्वितीय प्रश्न 15 अंक

शिवराजविजय की कथावस्तु, अम्बिकादत्त व्यास की गद्यकार की दृष्टि से समीक्षा, शिवराज के मुख्य पात्रों का चरित्र-चित्रण, अम्बिकादत्त व्यास का संस्कृत साहित्य को योगदान आदि।

*****